मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त




POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ०९ अंक :२७ मुंबई, शुक्रवार, १२ अप्रैल से १८ अप्रैल २०१९ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

## उ.मुं.लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के हौसले बुलंद, जोरदार चुनावी रैली





**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई,** उत्तर मुंबई लोकसभा क्षेत्र से भाजपा-शिवसेना-आरपीआय (ए) तथा रासपा महायुति के लोकप्रिय उम्मीदवार गोपाल शेट्टी को भाजपा ने फिर से टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा है। सन् २०१४ के लोकसभा चुनाव में गोपाल शेट्टी ने कॉंग्रेस पार्टी के उम्मीदवार संजय निरुपम को करीबन साढे चार लाख वोटों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। उत्तर मुंबई लोकसभा क्षेत्र से कॉंग्रेस पार्टी ने बॉलीवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर को उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में उतारा है। एक तरफ लोकप्रिय नेता और दूसरी तरफ ग्लैमर चेहरा इस क्षेत्र के लोगों को प्रभावित कर रहा है, जिससे इस क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज होती दिखाई दे रही है। भाजपा उम्मीदवार गोपाल शेट्टी के बारे में मुंबई प्रवक्ता संजय ठाकुर ने कहा कि महायुति के उम्मीदवार गोपाल शेट्टी जी इस बार ५ लाख वोटों से जीत दर्ज करेंगे। इसकी वजह सन् २०१४ के लोकसभा चुनाव में गोपाल शेट्टी उत्तर मुंबई लोकसभा क्षेत्र के लिए नया चेहरा थे। बोरिवली विधानसभा के लिए वे पुराने थे, मगर इन ५ वर्षों में मा. नरेंद्र मोदीजी ने जो कार्य किया है और उम्मीदवार गोपाल शेट्टी ने क्षेत्र में काम करके लोगों का विश्वास जीता है। उसको देखते हुए हमारा एक अनुभव है कि इस बार जीत में लगभग ६५ हजार वोट ज्यादा मिलेंगे। एक तरह से माना जाए कि गोपाल शेट्टी ५ लाख वोटों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे, यह हमको आशा है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना, स्वच्छ भारत अभियान, घर-घर शौचालय, प्रधानमंत्री सड़क योजना, मेट्रो प्रोजेक्ट, स्मार्ट सिटी, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान योजना जैसी अनेक योजनाओं का देश के लोगों को लाभ मिला है, जिससे लोग बहुत ज्यादा खुश हैं और लोग यही हर जगह मीडिया के सामने कह रहे हैं कि एक बार फिर मोदी सरकार! आंकड़ो के अनुसार मोदी सरकार पूर्ण बहुमत में आएगी। जिससे भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के हौसले बुलंद हैं।

## महायुति के उम्मीदवार गजानन कीर्तिकर की रैली में जोरदार स्वागत





**मंजु तिवारी**

**मुंबई ।** उत्तर पश्चिम जिला के संसदीय क्षेत्र में शिवसेना-भाजपा-आरपीआय (ए), रासप महायुति के उम्मीदवार गजानन कीर्तिकर के रोड शो में जगह-जगह जनता ने हार पहनाकर जोरदार स्वागत किया। गजानन कीर्तिकर के चाहने वाले मराठी, उत्तर भारतीय, गुजराती, दक्षिण भारतीय, क्रिश्चन और मुस्लिम समाज में भी उत्साह है, क्योंकि गजानन कीर्तिकर ने अपने पिछले



संसदीय कार्यकाल में सभी की सेवा की है। क्षेत्र में धर्म-जाति से ऊपर उठकर सभी को अपना समझा व सबके दुख दर्द में साथ रहे। आज उसी का फल मिल रहा है कि सभी लोग उनके साथ खड़े हैं। दूसरी तरफ कॉंग्रेस के प्रत्याशी संजय निरुपम थके-थके चल रहे हैं और पस्त नजर आ रहे हैं। क्योंकि इलेक्शन से पहले क्षेत्र में देखे नहीं गए। प्रचार रैली के दौरान गजानन कीर्तिकर के प्रचार रैली में जनता का भीड़ उमड़ रही है। दिंडोशी विधानसभा के टाईम्स ऑफ इंडिया से लेकर तानाजी नगर, आनंदवाडी परिसर में संपन्न हुइ। जिसमें शिवसैनिक, युवा सैनिक, भाजपा, रिपाई, रासप के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ सहभाग लिया।





मालाड (पूर्व) भीम नगर स्थित सूरज रियल्टी के चेयरमैन आनंद सिंह सुनील सिंह के कार्यालय का उद्घाटन माजी आमदार राजहंस सिंह के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ. इस मौके आनंद सिंह के पिता परम पूज्य सूबेदार सिंह, मेट्रो दिनांक के प्रधान संपादक दीनानाथ तिवारी, भाजपा नेता राजन सिंह, विजय मिश्रा, पप्पू सिंह, जेपी सिंह, आनंद सिंह, सुनील सिंह, सुबेदार सिंह के अलावा भारी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं व्यापारी गण उपस्थित है.



भारतीय जनता पार्टी उत्तर मुंबई युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष बृजलाल तिवारी (दरोगा) तिवारी के जन्मदिन पर कार्य सम्राट नगरसेवक व पी/उत्तर विभाग समिति के अध्यक्ष विनोद मिश्रा पुष्पगुच्छ देकर शुभेच्छा देते हुए दिखाई पड़ रहे हैं.

## मुंबई मनपा की प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में शिवसेना-भाजपा युति का परचम

**संवाददाता**

**मुंबई ।** मुंबई मनपा की आठ प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में शिवसेना-भाजपा युति का परचम लहराया। आठ प्रभाग में शिवसेना-भाजपा युति के नगरसेवक प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद पर चुने गए।

बता दें कि कल मनपा के ए, बी और ई प्रभाग समिति, सी व डी प्रभाग समिति, एफ दक्षिण-उत्तर प्रभाग समिति, जी-उत्तर प्रभाग समिति, पी-दक्षिण प्रभाग समिति, पी-उत्तर प्रभाग समिति, आर-दक्षिण प्रभाग समिति और आर/उत्तर-मध्य प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। इन आठ प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद पर शिवसेना-भाजपा युति नगरसेवक निर्विरोध चुने गए। ए, बी और ई प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद पर भाजपा नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने कांग्रेस की सोनम जामसुतकर को तीन वोटों से पराजित किया। सी-डी प्रभाग समिति के अध्यक्ष पद पर भाजपा नगरसेवक आकाश राज पुरोहित निर्विरोध चुने गए। एफ-दक्षिण/उत्तर प्रभाग समिति अध्यक्ष




पद पर शिवसेना के दत्ता पोंगडे निर्विरोध चुने गए। इसी तरह जी-उत्तर प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर शिवसेना के वसंत नकाशे, पी-दक्षिण प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर भाजपा की श्रीकला रामचंद्रन पिल्लई, पी-उत्तर प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर भाजपा के विनोद उदयनारायण मिश्रा, आर-दक्षिण प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर भाजपा की प्रीतम गौतम पंडागले और आर-उत्तर/मध्य प्रभाग समिति अध्यक्ष पद पर शिवसेना की संध्या विपुल दोशी निर्विरोध चुनी गईं।

## तीन नगरसेवकों का पद रद्द

### मनपा सभागृह में महापौर ने की घोषणा

### गलत जाति प्रमाण पत्र देने का मामला



**संवाददाता**

**मुंबई ।** जाति प्रमाण पत्र के मामले में भाजपा के दो एवं कांग्रेस के एक नगर सेवक का पद रद्द कर दिया गया है। बुधवार को मनपा सदन में इसकी घोषणा महापौर विश्वनाथ महाडेश्वर ने की। जिन नगर सेवकों का पद रद्द हुआ है, उसमें अंधेरी के पटेल दंपति का समावेश है। पिछले चुनाव में मोदी, पटेल एवं के. सरवन पटेल ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा था। दोनों पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित सीट से निर्वाचित हुए थे। जाति पडतालनी समिति ने भाजपा के तीन एवं कांग्रेस के दो नगर सेवकों के जाति प्रमाण पत्र को खारिज कर दिया था। सभी नगरसेवक उच्च न्यायालय गए थे जहां अदालत में भाजपा के नगरसेवक मुरजी पटेल एवं केसर बेन पटेल और कांग्रेस के नगरसेवक राजपति यादव की याचिका खारिज कर दी थी।

चुनाव के बाद ६ माह के अंदर जाति प्रमाणपत्र पेश करना जरूरी होता है, प्रमाण पत्र नहीं पेश करने को लेकर मुरजी पटेल, केशरबेन पटेल व राजपाति यादव का नगरसेवक पद रद्द कर दिया गया। नगरसेवको का पद रद्द करने के लिए ही १० अप्रैल को महापौर ने मनपा की बैठक बुलाई थी। उच्च न्यायालय ने भाजपा की सुधा सिंह के प्रमाणपत्र को मान्य कर लिया है, जबकि कॉंग्रेस की नगरसेविका ट्यूलिप ब्रायन मिरांडा का जाति प्रमाण पत्र को दोबारा जाति पडतालनी समिति के पास भेजा गया है।

## दम-खम के साथ प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

**ठाणे :** ठाणे लोकसभा सीट से राकांपा-कांग्रेस आघाडी के उम्मीदवार आंनद परांजपे तथा शिवसेना-भाजपा युति के उम्मीदवार राजन विचारे सहित कुल ७ उम्मीदवारों ने सोमवार को चुनाव निर्णय अधिकारी अनिल पवार के समक्ष अपना नामांकन भरा। इसके पहले, दोनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों ने रैली निकाल शक्ति प्रदर्शन किया और दोनों ने पहले से तय समय पर पर्चा नहीं भरा। नामांकन के चलते शहर में काफी समय तक कई सड़कों पर यातायात जाम बना रहा।

पांच पाखाडी स्थित तुलजा भवानी मंदिर में दर्शन के बाद सुबह ११ बजे आंनद परांजपे का काफिला निकला और शहर के विभिन्न रास्तों से शक्ति प्रदर्शन करते हुए गाजे-बाजे के साथ ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचा था। रथ पर सवार परांजपे के साथ राकांपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री गणेश नाईक, विधायक जितेंद्र आव्हाड, राकांपा प्रदेश सचिव सुहास देसाई, नगरसेवक नजीब मुल्ला, कांग्रेस के पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसेन, विधायक संदीप नाईक, पूर्व सांसद संजीव नाईक, नवी मुंबई के महापौर जयवंत सुतार, राकांपा गुट नेता हणमंत जगदाले, ठाणे शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज शिंदे, कांग्रेस इंटक के ठाणे जिलाध्यक्ष सचिन शिंदे, रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (एकतावादी) युवा अध्यक्ष भैयासाहेब ईंदिसे सहित अन्य सहयोगी पार्टियों के तमाम नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। राकांपा का दावा है कि रैली में करीब दस हजार लोग शामिल हुए थे।

**यहां दिखी कम भीड़**

शिवसेना-भाजपा युति के उम्मीदवार राजन विचारे ने भी शक्ति प्रदर्शन करते हुए रैली के माध्यम से अपना नामांकन भरा। राकांपा-कांग्रेस आघाडी की रैली की तुलना में शिवसेना की रैली में कार्यकर्ताओं का उत्साह थोड़ा कम दिखा और शिवसेना की रैली में राकांपा की तुलना में भीड़ भी कम दिखी। नौपाडा स्थित शिवसेना मध्यवर्ती शाखा से विचारे की रैली की शुरुआत हुई और नौपाडा, राम मारुति रोड, ठाणे बाजार पेठ होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। विचारे के साथ जिले के पालकमंत्री एकनाथ शिंदे, भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता, संजय केलकर, सभागृह नेता व जिला प्रमुख नरेश म्हस्के, आरपीआई(ए) के ठाणे अध्यक्ष राम भाऊ तायडे सहित बड़ी संख्या में सेना-भाजपा के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संपादकीय

# चुनावी वादों की परख

कांग्रेस ने 'अब होगा न्याय' नारे को जारी करते हुए जिस तरह यह कहा कि उसका प्रचार अभियान न्याय पर केंद्रित होगा, उससे यह और स्पष्ट हो गया कि वह इसी नाम से घोषित अपनी योजना पर खासा जोर देगी। इसका प्रमाण केवल यह नहीं है कि इस योजना पर आधारित



गीत तैयार कर लिया गया है, बल्कि यह भी है कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी समेत सभी पार्टी नेता अपने इस चुनावी वादे को बाजी पलटने वाली पहल के रूप में प्रचारित कर रहे हैं। कांग्रेस इस योजना के तहत 20 फीसदी सबसे गरीब परिवारों को सालाना 72,000 रुपए देने का वादा कर रही है। उसका आकलन है कि इससे करीब पांच करोड़ परिवारों के 25 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। निःसंदेह ऐसा तभी होगा जब कांग्रेस अपने बलबूते सत्ता में आएगी और आर्थिक स्थिति उसे सालाना तीन लाख साठ हजार करोड़ रुपए इस योजना पर खर्च करने की इजाजत देगी। भले ही कांग्रेस यह दावा कर रही हो कि इतनी भारी-भरकम राशि का प्रबंध आसानी से हो जाएगा, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि आर्थिक मामलों के अनेक जानकार इस पर संदेह जता रहे हैं कि मौजूदा स्थितियों में राजकोषीय घाटे को बढ़ाए बिना इतनी बड़ी राशि जुटाई जा सकती है। इस संदेह का एक बड़ा कारण यह है कि कांग्रेस शिक्षा पर जीडीपी का छह प्रतिशत खर्च करने के साथ ही किसानों की कर्ज माफी का वादा भी कर रही है। इसी के साथ वह यह भी भरोसा दिला रही है कि इससे मुद्रास्फीति में वृद्धि नहीं होगी। इन स्थितियों में आम जनता के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह इस योजना की जांच-परख गहनता के साथ करे।

इसमें दोराय नहीं कि 'न्याय नामक योजना गरीब तबके को आकर्षित करने वाली है, लेकिन विडंबना यह है कि इस तबके को कोई यह समझाने वाला नहीं कि यह अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाए बिना अमल में लाई जा सकने वाली एक अच्छी योजना है या फिर महज एक जुमला? चुनाव के दौरान जनता को लुभाने के लिए अब जैसी जुमलेबाजी होने लगी है और इस क्रम में कुछ दल जिस प्रकार चांद-सितारे तोड़कर लाने जैसे हवा-हवाई वादे करने लगे हैं, उसे देखते हुए यह आवश्यक है कि ऐसी कोई व्यवस्था बने जिससे जनता राजनीतिक दलों के लोक-लुभावन वादों की असलियत से भली तरह परिचित हो सके। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि अब सियासी दल लोक-लुभावन वादों के जरिए आम जनता और खासकर गरीब तबके को बहकाने में भी संकोच नहीं करते। हालांकि सियासी दलों के लोक-लुभावन वादों पर मीडिया में चर्चा होती है, लेकिन कहना कठिन है कि उस चर्चा से गरीब तबके के लोग कितने लाभान्वित हो पाते हैं? बेहतर है कि चुनाव आयोग चुनावी वादों की पड़ताल खुद करे। यदि वह मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने का काम कर सकता है तो फिर सियासी दलों के लोक-लुभावन वादों के गुण-दोष भी रेखांकित कर सकता है। जब तक राजनीतिक दलों के वादों के नीर-क्षीर परीक्षण की व्यवस्था नहीं बनती, तब तक इसके अलावा और कोई उपाय नहीं कि आम जनता चुनावी वादों के नाम पर होने वाली जुमलेबाजी से सतर्क रहे।

# चुनाव आचार संहिता २०१९



- डॉ. अर्चना दूबे

**चुनाव** आचार संहिता (आदर्श आचार संहिता/आचार संहिता) का मतलब है चुनाव आयोग के वे निर्देश जिनका पालन चुनाव खत्म होने तक हर पार्टी और उसके उम्मीदवार को करना होता है । अगर कोई उम्मीदवार इन नियमों का पालन नहीं करतातो चुनाव आयोग उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकता है, उसे चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है । उम्मीदवार के खिलाफ एफ आई आर दर्ज हो सकती है और दोषी पाये जाने पर उसे जेल भी जाना पड़ सकता है । चुनाव के तारीखो के एलान के साथ वहां चुनाव आचार संहिता भी लागू हो जाती है । चुनाव आचार संहिता के लागू होते ही प्रदेश सरकार और प्रशासन पर कई अंकूश लग जाते है । सरकारी कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक निर्वाचन आयोग के मातहत रहकर उसके दिशा – निर्देश पर काम करते है प्रधान मंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री अब ना कोई घोषणा कर सकेंगे, न शिलान्यास, लोकार्पण या भूमिपूजन । सरकारी खर्च से ऐसा आयोजन नहीं होगा, जिससे किसी भी दल विशेष को लाभ पहुँचता हो । राजनीतिक दलों के आचरण और क्रिया कलापों पर नजर रखने के लिए चुनाव आयोग पर्यवेक्षक नियुक्त करता है । जिस दिन चुनाव के शेड्यूल की घोषणा होती है, उसी दिन से आचार संहिता लागू हो जाती है । जब तक चुनाव का रिजल्ट नहीं आ जाता, तब तक आचार संहिता लागू रहती है । लोक सभा चुनाव २०१९ की घोषणा हो चुकी है । ११ अप्रैल से मतदान होगा और सात चरणों में इसके समापन के बाद २३ मई को वोटों की गणना भी होगी । १० मार्च २०१९ से आचार संहिता लागू हो चुकी है । लोकसभा चुनाव के साथ – साथ आंन्ध्र प्रदेश, सिक्किम, अरूणांचल प्रदेश और ओडिसा जैसे राज्यों मेंविधान सभा के चुनाव भी होंगे।

पहली बार इसका इस्तेमाल १९६० में केरल के विधान सभा चुनाओं में किया गया । नियमों का एक छोटा सा सेट तैयार करके पार्टियों को निर्देश दिया गया था कि चुनाव की घोषणा होने के बाद क्या करें। उसके बाद १९६२ में लोकसभा और विधानसभा के चुनाओं में भी इन नियमों को बांटा गया । राज्य सरकार से आग्रह किया गया कि वे पार्टियों के बीच आचार संहिता को स्वीकार करें। २०१४ के लोकसभा चुनाव में घोषणा पत्र से सम्बंधित नियम को भी शामिल किया । आचार संहिता के आठ प्रावधान किये गये हैं जो सामान्य व्यवहार, बैठकों, जुलूस, मतदान दिवस,मतदान केंद्रों, पर्यवेक्षकों, सत्ताधारी पार्टी और चुनाव घोषणा पत्र से सम्बंधित है ।

किसी भी राजनीति पार्टी के पोस्टर और बैनर चुनाव आयोग की मंजूरी के बगैर गूगल, फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और वॉट्साप पर शेयर नहीं किये जा सकते है ।

चुनाव आयोग ने कहा कि चुनावी आचार संहिता केवल नई योजनाओं की घोषणा और उन्हें शुरू करने पर रोक लगाती है ताकि सत्ताधारी पार्टी से मतदान प्रभावित ना हो ।

आचार संहिता का सबसे महत्वपूर्ण निर्देश है कि प्रत्याशी किसी भी कीमत पर मतदाताओं को किसी प्रकार का प्रलोभन ना दे पायें । अक्सर प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को शराब वितरण और पैसे सहित कई प्रकार से उपहार देने की बात सामने आती है । यह करना पूरी तरह से वर्जित है।

चुनाव बूथ के पास एक व्यक्ति ऐसा होगा जिसके पास किसी प्रकार की शिकायत की जानकारी दी जा सकती है ।

परिणामों की घोषणा के साथ चुनाव प्रक्रिया का समापन होता है और नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त होता है ।

# पुलिस इंस्पेक्टर बनकर पुलिसवाले के घर में चोरी, ऐसे हुआ खुलासा

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे की मानपाड़ा पुलिस ने एक ऐसी महिला को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी पाई है, जिसने पुलिस अधिकारी बनकर पुलिसवाले के घर में ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. ३३ वर्षीय आरोपी महिला ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर पुलिस कांस्टेबल के घर चोरी की थी. आरोपी महिला ने फेसबुक पर एक पुलिस कांस्टेबल की पत्नी से जान पहचान की थी और उसके घर आना-जाना शुरू कर दिया था. यह पुलिस कांस्टेबल मुंबई के घाटकोपर में तैनात है. पुलिस के मुताबिक आरोपी भक्ति शिंदे उर्फ सारिका शिंदे अक्सर किसी न किसी बहाने कांस्टेबल के डोंबिवली ईस्ट के नंदिवली स्थित आवास पर आती जाती रहती थी. एक दिन आरोपी महिला ने कांस्टेबल की पत्नी विदिशा राजवर्धन वाघ के गहनों और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. जब विदिशा राजवर्धन वाघ को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. मानपाड़ा पुलिस ने रविवार को कल्याण निवासी शिंदे को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस सूत्र बताते हैं कि शिंदे हाई-प्रोफाइल लोगों के साथ फोटो क्लिक करती थी. वह डोंबिवली के कई नेताओं के संपर्क में भी थी. इसी वजह से सब उसे असली पुलिसकर्मी समझते थे. वाघ ने पुलिस को दी शिकायत में कहा, 'सारिका शिंदे ने मुझे बताया कि वह एक तीन स्टार पुलिस अधिकारी हैं और उसने मुझे फोटो व एक आईडी कार्ड भी दिखाया था.' आरोपी सारिका शिंदे ने वाघ को एक दिन फेसबुक पर मैसेज कर बताया कि वो उनके घर आकर मिलना चाहती हैं. आरोपी महिला ने वाघ को बताया कि व्यक्तिगत समस्याओं के कारण उन्हें पुलिस डिपार्टमेंट से निलंबित कर दिया गया है. इस तरह आरोपी महिला ने विदिशा राजवर्धन वाघ की सहानुभूति हासिल



कर ली और फिर उन्होंने आरोपी शिंदे (नकली पुलिस अधिकारी) को अपने घर आने की अनुमति दे दी. विदिशा राजवर्धन वाघ ने पुलिस को बताया, '३ अप्रैल को भी आरोपी महिला मेरे घर आई थी. जब मैं किराने का सामान खरीदने के लिए नीचे गई, तो उसने मेरी बेटी को मुझे फोन करने के लिए कहा. इसके बाद वह मेरे घर से गहने और एक मोबाइल चुराकर फरार हो गई.'

वाघ की शिकायत पर पुलिस ने सारिका शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है. अब खुलासा हुआ कि वह एक पुलिस अधिकारी बनकर घूमती थी और उसके पास पुलिस का डुप्लीकेट आईडी कार्ड था. उसको पहले भी लोगों को धोखा देने के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है.

आरोपी सारिका शिंदे ने अब तक तीन बार शादी भी कर चुकी हैं. वह हर किसी से खुद को पुलिस अधिकारी ही बताया करती थी. आरोपी शिंदे के तीसरे पति ने उसके खिलाफ मुंबई के कोपर खेरने पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी.


# वृन्दावन के मंदिर में युवक ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक मंदिर में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मंदिर में लाश लटकी देखकर लोग हैरान रह गए. पुलिस ने सूचना मिलने पर लाश को कब्जे में ले लिया है. अब पुलिस मामले की छानबीन कर रही है. मृतक अक्सर मंदिर में पूजा पाठ के लिए आता था.

मामला मुथरा जिले का वृन्दावन कोतवाली क्षेत्र का है. जहां कात्यायनी मंदिर परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब लोगों ने वहां एक युवक की लाश फंदे से लटकी हुई देखी. फौरन इस बात की जानकारी पुलिस को दी गई. सूचना मिलन के कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर जा पहुंची और शव को उतार कर कब्जे में ले लिया. पुलिस ने बताया कि देर रात युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. पुलिस के अनुसार मृतक यूपी के बांदा जिले का रहने वाला था. जिसकी पहचान श्याम कुमार के रूप में हुई है. वह अक्सर पूजा-पाठ करने के लिए मंदिर में आता था. रविवार को भी वह मंदिर आया था. लेकिन लौटकर नहीं गया. पुलिस का मानना है कि रविवार की देर रात ही उसने फांसी लगाई. सोमवार की सुबह मंदिर आने वाले भक्तजनों ने उसकी लाश वहां लटकते हुए देखी. तब मामले की सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस अब इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर श्याम ने आत्महत्या क्यों की.

# मां ने वीडियो बनाकर नाबालिग को किया ब्लैकमेल, बेटा करता था रेप

**गुजरात :** गुजरात के अहमदाबाद में एक नाबालिग लड़की के यौन शोषण का हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक मां ने लड़की की अश्लील वीडियो बनाई और फिर उस लड़की को अपने बेटे के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया. लड़की के साथ ये अत्याचार करीब डेढ़ साल तक चलता रहा. जब लड़की यौन उत्पीड़न से तंग आ गई तो उसने मामले की शिकायत पुलिस से की. शर्मसार कर देने वाली यह वारदात अहमदाबाद के विंझोल इलाके की है. जहां एक महिला अपने बेटे के साथ कपड़ों का कारोबार करती है. इसी दौरान एक १५ वर्षीय लड़की ने उस महिला से एक ड्रेस खरीदने के लिए संपर्क किया. इसके बाद महिला और उसके बेटे ने ड्रेस दिखाने के बहाने लड़की को अपनी सोसायटी में बुला



लिया. लड़की ने वहां कई ड्रेस देखी. फिर वह कपड़ों को पहनकर देखने के लिए ट्रायल रूम में चली गई. जब लड़की ट्रायल रूम में कपड़े बदल रही थी. तभी उस महिला ने लड़की की एक अश्लील वीडियो बना ली. जब लड़की बाहर आई तो महिला ने उसे वीडियो दिखाई. जिसे देखकर उसके होश उड़ गए. महिला ने नाबालिग लड़की से कहा कि अगर वो उसके बेटे के साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाएगी तो वह उसकी वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर देगी. लड़की इस बात से घबरा गई और महिला के बेटे ने उसके साथ संबंध बनाए. ये बात एक दिन में खत्म नहीं हुई बल्कि लड़की को यौन शोषण का सिलसिला करीब डेढ़ साल तक चलता रहा.इस दौरान लड़की की तबीयत भी खराब रहने लगी. परेशान होकर लड़की ने यह बात अपने माता-पिता को बता दी. बेटी की बात सुनकर परिजनों के होश फाख्ता हो गए. परिजन फौरन अपनी बेटी को लेकर महिला पुलिस थाने पहुंच गए. जहां उन्होंने आरोपी मां-बेटे के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया.पुलिस ने एफआईआर दर्ज कराने के बाद पीड़ित लड़की का मेडिकल कराया. इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर आरोपी महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी लड़के के खिलाफ यौन उत्पीड़न और बलात्कार के आरोप में मामला दर्ज किया है. जबकि उसकी मां को अपराध में उसकी मददगार मानते हुए सह आरोपी बनाया है.

# कुएं में पांच लड़कियों की लाश मिलने से मचा हड़कंप, उलझी मौत की गुत्थी



**तेलंगाना:** तेलंगाना के जोगुलबा गडवाल जिले में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां पांच लड़कियों की लाश एक कुएं से बरामद की गई है. लड़कियां कुएं तक क्यों गई और उनकी मौत कैसे हुई अभी तक इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है. इलाके के कुछ लोग इस घटना के पीछे बड़ी साजिश बता रहे हैं.दरअसल, जोगुलबा गडवाल जिले में एक इलाके की पांचों लड़कियां दिन में घर से बाहर निकली थीं.लेकिन वे सभी शाम तक अपने घरों तक नहीं पहुंचीं. परेशान परिवार वालों ने उन्हें आस-पास तलाश किया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला. लिहाजा परिजन पुलिस के पास पहुंचे और मामला दर्ज कराया. पुलिस ने भी परिवार वालों के साथ लड़कियों की तलाश शुरू की. तब देर शाम लड़कियों के शव एक कुएं से बरामद किए गए. एक साथ पांचों लड़कियों की मौत हो जाने से हड़कंप मच गया. पुलिस ने शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए. हालांकि अभी तक उनकी मौत का कारण साफ नहीं है. पुलिस का कहना है कि पहली नजर में लग रहा है कि लड़कियों की मौत डूबने से ही हुई है.

# कमाई पर तंज कसा तो पत्नी को मार डाला

**गुरुग्राम :** पत्नी ने कमाई पर तंजा कसा तो पति ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पत्थर उठाकर सिर को बुरी तरह कुचल दिया और नाथूपुर बायोडायवर्सिटी पार्क की पहाड़ियों में फेंककर फरार हो गया। घटना शनिवार शाम की है। हालांकि पुलिस को मामले की जानकारी रविवार को हुई। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर सोमवार को आरोपी को आयानगर बार्डर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुरादाबाद के रहने वाले धर्मेंद्र (२२) के रूप में हुई है। उसने करीब चार महीने पहले असोम की रहने वाली काजल (२०) से प्रेम विवाह किया था। दोनों फिलहाल छतरपुर में किराए का घर लेकर रहते थे। मजदूरी कर अपना जीवन



यापन करते थे। .पुलिस के मुताबिक, आरोपी धर्मेंद्र के भाई सतीश और भाभी यहां नाथूपुर में रहकर सोसाइटियों में काम करते हैं।

आरोपी पत्नी के साथ शनिवार को इनके पास आने के लिए ही छतरपुर से निकला था। दोनों बायोडायवर्सिटी पार्क के बीच स्थित मंदिर पर बैठकर बातें करने लगे। इसी दौरान काजल ने आरोपी की कमाई को लेकर कोई तंज कस दिया। नाराज धर्मेंद्र ने उसका गला घोंट दिया। पास के गड्ढे में शव डालकर पत्थरों से कुचल दिया। वह अपने भाई को सूचित कर फरार हो गए। रविवार की सुबह उसके भाई और भाभी भी भागने की तैयारी करने लगे। शक होने पर इनके मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की और शव बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक मुरादाबाद के गांव आकरोली के रहने वाले धर्मेंद्र का काजल के साथ करीब साल भर से प्रेम संबंध था। चार महीने पहले दोनों ने शादी कर ली। वह गर्भवती थी। दिल्ली के छतरपुर में रहने लगे थे। बताया जा रहा है कि धर्मेंद पत्नी की देखरेख के लिए उसे अपनी भाभी के पास पहुंचाने के लिए नाथूपुर आ रहा था। धर्मेन्द्र के नाथुपुर आने की बात सतीश ने मकान मालिक और दुकानदार विक्रम को बताई थी। रविवार सुबह जब सतीश परिवार के साथ कमरा खाली कर भाग रहा था तो विक्रम ने पुलिस को सूचना दी। फिर मामला खुला। शिकायतकर्ता विक्रम ने बताया कि सतीश ने तीन दिन पहले अपने भाई धर्मेन्द्र व उसकी पत्नी के घर आने की सूचना दी थी। शनिवार देर शाम तक धर्मेन्द्र घर नहीं पहुंचा।

# महायुति के उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

**मुंबई :** शिवसेना-भाजपा-आरपीआई महायुति के दक्षिण मध्य मुंबई के उम्मीदवार राहुल शेवाले ने कल शिवसेना नेता व युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे, उद्योग मंत्री सुभाष देसाई और सांसद अनिल देसाई की प्रमुख उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार दक्षिण मुंबई से महायुति के उम्मीदवार अरविंद सावंत ने भी उक्त शिवसेना नेताओं के अलावा भाजपा के राज पुरोहित और विधायक मंगलप्रभात लोढ़ा की उपस्थिति में कल नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर शिवसेना-भाजपा-आरपीआई के पदाधिकारियों के अलावा भारी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे। ठाणे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए शिवसेना-भाजपा-आरपीआई महायुति के उम्मीदवार राजन विचारे ने कल जिला अधिकारी कार्यालय में चुनाव अधिकारियों के सामने अपना नामांकन पत्र भरा। इस अवसर पर उनके साथ शिवसेना उपनेता अनंत तरे, नगरसेविका नंदिनी विचारे, लतिशा विचारे, धनश्री विचारे आदि उपस्थित थे। नामांकन भरने के पहले तलाव पाली से जिला अधिकारी कार्यालय तक भव्य रैली निकाली गई। रैली में शिवसेना नेता व पालकमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विधायक प्रताप सरनाईक, विधायक संजय केलकर, विधायक नरेंद्र मेहता सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे। भिवंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महायुति उम्मीदवार कपील पाटील ने कल नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर ठाणे जिले के पालक मंत्री एकनाथ शिंदे उपस्थित थे।

# नालासोपारा से ३ साल की बच्ची का अपहरण

**नालासोपारा :** स्टेशन के बाहर टिकट खिड़की के पास से ३ साल की बच्ची का अपहरण हो गया है। अपहृत बच्ची की मां की शिकायत पर तुलिंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। संतोष भुवन स्थित आजाद नगर निवासी नजमा बेचन अंसारी (३५) ने बताया कि वह लोकल ट्रेन में कटलरी समान बेचती है। रविवार सुबह वह बेटी सुबिना को लेकर नालासोपारा स्टेशन के पास आई। बच्ची को टिकट खिड़की के पास खड़ा कर वह पानी लेने चली गई। वापस लौटी, तो बच्ची गायब थी।


## आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९

Email : metrodinank@gmail.com

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**

5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



**प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ** : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
मो. 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

# 'रेडियोवाला' से 'रेविटवाला' बन गया डॉन रवि पुजारा का साथी

**मुंबई :** रवि पुजारी के जिस साथी ओबेद रेडियोवाला को पिछले सप्ताह अमेरिका से भारत डिपोर्ट किया गया, वह उसका मूल नाम है, पर करीब २१ साल पहले वह रेविटवाला नाम के पासपोर्ट से अमेरिका भागा था। ओबेद ने जांच अधिकारियों को पासपोर्ट से जुड़ी कुछ सनसनीखेज जानकारियां दीं। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी के अनुसार, ओबेद ने अपने मूल नाम से अपना असली पासपोर्ट बनवाया था लेकिन इस पासपोर्ट पर उसे अमेरिका का वीजा ही नहीं मिल रहा था।

**फोटो रेडियोवाला का, नाम रेविटवाला का**

बाद में ओबेद के किसी एजेंट ने बताया कि रेविटवाला नाम से बने एक पासपोर्ट धारक को अमेरिका का कई बार वीजा मिल चुका है। इसलिए वह रेविटवाला पासपोर्ट से अमेरिका चला जाए। इसके बाद ओबेद रेडियोवाला ने रेविटवाला नाम के पासपोर्ट पर अपना फोटो चिपकाया और वीजा के लिए अप्लाई कर दिया। उसे कुछ दिनों के अंदर अमेरिकी वीजा मिल गया और वह अप्रैल १९९८ में रेडियोवाला होकर भी रेविटवाला नाम से भाग गया। उन दिनों पासपोर्ट में इतने सुरक्षा मानक नहीं थे कि फोटो और नाम अलग-अलग होकर भी यात्रा करने वाले को फ्लाइट में बैठने से पहले पकड़ा जा सके। ओबेद रेडियोवाला ने जांच अधिकारियों को बताया कि उसके पिता ने किसी एजेंट




के जरिए उसका रेविटवाला नाम से वीजा बनवाया था। उसके पिता की मौत हो चुकी है, इसलिए क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी के अनुसार, मृत पिता के नाम बिल फाड़कर हो सकता है ओबेद असल आरोपियों को बचा रहा हो। जब ने डीसीपी दिलीप सावंत से इस बारे में पूछा, तो उन्होंने बस इतना ही कहा कि जांच चल रही है।

**कौन है बिट्टू?**

क्राइम ब्रांच सूत्रों का कहना है कि हमने जिस महेश भट्ट केस में उसकी कस्टडी ली है और बाद में अली मोरानी केस में उसकी हिरातस लेंगे, उस केस में चरणजीत सिंह उर्फ सुनील रनियाल उर्फ बिट्टू नामक एक आरोपी भी वॉन्टेड है। वह अभी भी अमेरिका में है। ओबेद ने बताया कि बिट्टू ने उससे रवि पुजारी से संपर्क कर अली मोरानी और शाहरुख खान को फोन करवाकर उन पर दबाव डलवाने को कहा था, ताकि उसे फिल्म हैपी न्यू इयर के ओवरसीज राइट्स मिल सकें।

ओबेद ने मुंबई क्राइम ब्रांच अधिकारियों को यह भी बताया कि बिट्टू पहले अबू सलेम के लिए काम करता था। एक अधिकारी के अनुसार, ओबेद के पास रवि पुजारी के कई संपर्क नंबर थे। उसे पुजारी के सेनेगल का ठिकाना भी पता था। रवि पुजारी २२ जनवरी को सेनेगल में ही गिरफ्तार हुआ था। यदि वह तब गिरफ्तार नहीं हो पाता, तब अब वह ओबेद से मिली जानकारी के बाद पकड़ लिया जाता।

ओबेद ने बताया कि १९९८ में मुंबई से भागने के बाद उसने न्यूयॉर्क में ९९ सेंट डिपो मॉल में काम किया। बाद में वह होल सेल में ब्यूटी प्रोडेक्ट बेचा करता था।

# नवी मुंबई में चुनाव आयोग के मार्गदर्शन में जगह-जगह 'चुनावी पाठशाला'



**नवी मुंबई :** चुनाव आयोग के मार्गदर्शन में जगह-जगह 'चुनावी पाठशाला' लगाई जा रही है। सिस्टेमैटिक वोटर्स एजुकेशन ऐंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रभातफेरी, पथ-नाटक आदि के जरिए जानकारी दी जा रही है। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सीबीडी बेलापुर सेशन कोर्ट की न्यायमूर्ति कंटे, न्यायाधीश और बार कांउसिल के अध्यक्ष प्रसाद पाटील, वकील, कोर्ट के अधिकारी और कर्मचारी आदि उपस्थित थे। इसमें ईवीएम और वीवीपीएटी मशीन की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया गया। मशीनों की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन नवी मुंबई महानगर पालिका उपायुक्त और लोकसभा चुनाव के नोडल अधिकारी दादासाहेब चाबुकस्वार, सहायक चुनाव निर्णय अधिकारी चंद्रकांत तायडे और संध्या अंबादे ने किया।

लोकसभा चुनाव में पुलिस अलर्ट

लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहर में कानून व्यवस्था ठीक ढंग से चले, इसलिए पुलिस ने लाइसेंसधारी लोगों के १,१६८ रिवॉल्वर और पिस्टल जमा करा लिए हैं। पुलिस ने कुछ गुंडों की लिस्ट भी तैयार की है, जिन्हें कभी भी तड़ीपार किया जा सकता है। वॉट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर पर भड़काऊ पोस्ट पर भी पुलिस नजर रख रही है। कल्याण परिमंडल ३ के कुछ आरोपियों की लिस्ट भी बन कर तैयार है।

# बैंक से ४६ लाख के चेक लेकर भाग निकला युवक, सीसीटीवी कैमरे में तस्वीर कैद

**मुंबई :** कांदीवली पुलिस एक ऐसे ३० वर्षीय युवक की तलाश कर रही है जो एक बैंक के ५९ चेक लेकर फरार हो गया है। इन चेकों की कीमत ४६.६ लाख रुपये है। यह घटना सोमवार की है और बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी की तस्वीर कैद हो गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

दोपहर के समय एमजी मार्ग पर स्थित कॉर्पोरेशन बैंक के कर्मचारी चेक ड्रॉप बॉक्स खाली कर रहे थे। वे चेकों को छांटकर उनकी लिस्ट बना रहे थे। अगला काम इन चेकों को स्कैन करना था। काउंटर नंबर चार पर बैठा कर्मचारी चेक स्कैन कर रहा था, थोडे समय के लिए वह अपनी सीट से उठा और वापस लौटा तो देखा कि ५९ चेक का पूरा बंडल ही गायब था। उनसे तुरंत अपने सीनियर्स को इसके बारे में बताया जिन्होंने पुलिस को जानकारी दी।

**अशोक गाधवे नाम का कोई कस्टमर नहीं**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि



सीसीटीवी कैमरे में एक युवक चेक के बंडल के साथ जाता दिख रहा है। बैंक के एक कर्मचारी के मुताबिक, आरोपी ने खुद का नाम अशोक गाधवे बताते हुए खाता खुलवाने के बारे में जानकारी ली थी। बैंक रेकॉर्ड के अनुसार उनके यहां अशोक गाधवे नाम का कोई कस्टमर नहीं है। पुलिस ने गाधवे के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

**फेसबुक डीपी से मैच हुई आरोपी की तस्वीर**

पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे में गाधवे की तस्वीर बहुत साफ नहीं है पर मशक्कत कर फोटो निकाल ली गई। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अशोक गाधवे नामक युवक के बारे में तलाश की तो फेसबुक पर उसका प्रोफाइल मिल गया। फेसबुक पर लगी तस्वीर से सीसीटीवी कैमरे की फोटो मैच हो गई है। हम जल्द ही आरोपी को ढूंढ निकालेंगे।

# मनसे कार्यकर्ताओं ने की भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई



**ठाणे:** इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रेक्टर प्रदीप राणे ने मनसे से संबंधित एक पोस्ट गलती से वॉट्सऐप ग्रुप पर फॉरवर्ड कर दी, जिसकी सजा उसे पिटकर भुगतनी पड़ी। गुस्साए मनसे कार्यकर्ताओं ने राणे को घर में घुसकर पीटा और कान पकड़ कर माफी मंगवाई। मनसे ने इसका विडियो भी बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। राणे की शिकायत पर राबोडी पुलिस ने मनसे के ठाणे शहर उपाध्यक्ष सहित ३ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राणे भाजपा कार्यकर्ता भी है। पुलिस के अनुसार, राणे ने एक वॉट्सऐप ग्रुप पर राज ठाकरे के खिलाफ पोस्ट डाल दी थी। इसी ग्रुप में शामिल मनसे के समर्थक भड़क गए। इसके बाद मनसे के ठाणे शहर उपाध्यक्ष विश्वजीत जाधव २ साथियों के साथ राणे के घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। राणे ने माफी मांगी और पोस्ट डिलीट कर दी, लेकिन राणे को काम पकड़कर माफी मांगने पर मजबूर किया गया। इसका विडियो भी सोशल मीडिया पर डाला गया। सभी आरोपी फरार हैं।

# सेक्स दलाल लाए जाएंगे भारत, रेड कॉर्नर नोटिस भेजे जाने की तैयारी

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने उन दलालों की शिनाख्त कर ली है, जो खाड़ी देशों में भारत से काम की तलाश में गई लड़कियों का यौन शोषण करते थे। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी के अनुसार, हमने दो सेक्स दलालों से जुड़ी पूरी जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को भेज दी है। अब इन दोनों के खिलाफ इंटरपोल के जरिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाएगा। विदेश में बैठे सेक्स दलालों के तीन साथियों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने गत अक्टूबर में मुंबई में गिरफ्तार किया था। मुंबई में गिरफ्तार आरोपी भारत से लड़कियों की फोटो वॉट्सऐप पर खाड़ी देशों में भेजते थे। जिन लड़कियों के फोटो को



ओके किया जाता था, उनसे कहा जाता था कि विदेश में होटेल में नौकरी करने पर मोटी पगार मिलेगी। लड़की जब तैयार हो जाती थी, तब उसे कुछ रकम अडवांस में दी जाती थी। फिर उसका ३ महीने का टूरिस्ट वीजा बनवाया जाता था और फिर उसे वहां भेज दिया जाता था। लड़कियों को वहां डांस बार में काम दिया जाता था। वहां उनके जरिए देह व्यापार भी चलता था। पिछले साल जब राजस्थान की एक लड़की इस ट्रैप में फंस गई थी, तब उसकी शिकायत पर मुंबई क्राइम ब्रांच ने मोहम्मद कमाल शेख, टिकू दिनेश राज और फरीद उल हक नामक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# पेपर लीक आरोप की एमयू करेगा जांच

**मुंबई:** बीकॉम पेपर लीक मामले में मुंबई विश्वविद्यालय ने भाईंदर के अभिनव कॉलेज से रिपोर्ट मांगी है। कॉलेज व पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर ही विश्वविद्यालय कोई निर्णय लेगा। विश्वविद्यालय परीक्षा के १५ मिनट पहले मोबाइल पर उत्तर पढ़ने के मामले को पेपर लीक नहीं मानता है। विश्वविद्यालय प्रवक्ता विनोद मलाले के अनुसार, अभिनव कॉलेज के प्रिंसिपल ने परीक्षा के कुछ समय पहले एक विद्यार्थी के बाथरूम में उत्तर पढ़ने की जानकारी भेजी थी। मामले की जानकारी मिलते ही प्रिंसिपल को तत्काल पुलिस में शिकायत करने का आदेश दिया गया। इसके बाद ३ विद्यार्थियों को हिरासत में लिया गया था। विद्यार्थी के मोबाइल से प्रश्न पत्र नहीं मिला, इस वजह से इससे पेपर लीक नहीं माना जा सकता है। मामले की विस्तृत जांच के लिए कॉलेज से रिपोर्ट मंगवाई गई है।

## संक्षिप्त न्यूज

### पुलिसकर्मी के हमलावर को २ वर्ष का कारावास

**ठाणे:** जिला न्यायालय ने अपने एक फैसले में पुलिसकर्मी पर हमला करने और सरकारी काम में रुकावट डालने के मामले में दोषी पाए गए हेमंत कुमार बिश्नोई को दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पुलिसकर्मियों का एक समूह २ नवंबर २०१८ की रात को नवी मुंबई के नेरुल में गश्त पर था। पुलिस ने उसी समय हेमंत बिश्नोई और उसके साथी को एक कार चुराने की कोशिश करते देखा। पुलिस को देख दोनों भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर बिश्नोई को पकड़ लिया था। पुलिस जब बिश्नोई से पूछताछ कर रही थी, उसी समय उसने एक पुलिसकर्मी पर धातु की किसी वस्तु से हमला कर दिया था। पुलिसकर्मी को दाहिनी आंख के पास चोटें आई थीं।

### पनवेल में मिले प. बंगाल से लापता दो लड़के

**नवी मुंबई:** परिवार को बिना बताए पश्चिम बंगाल से भागे दो नाबालिग लड़कों को नवी मुंबई पुलिस ने ढूंढ निकाला है। पुलिस के अनुसार, दोनों लड़के पनवेल में हैं और सुरक्षित हैं। नवी मुंबई पुलिस की अपराध शाखा से संलग्न 'अनैतिक मानवी वाहतूक प्रतिबंध कक्ष' को पश्चिम बंगाल की एक एनजीओ से ईमेल आया था। इसमें पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनजापुर जिले के कुमारगंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र के गोधारा व जिगाकुरी गांव से २७ मार्च को लापता हुए दो नाबालिग लड़कों के नवी मुंबई अथवा मुंबई में होने की बात कही गई थी। लड़कों के नाम अविजीतचंद्र सुकेनचंद्र परमाणिक (१७) गोधारा तथा आकाश स्वपान सरकार (१५) जिगाकुरी हैं। लड़कों ने बताया कि उन्हें मुंबई घूमना था, इसलिए घर वालों को बिना बताए मुंबई भाग आए थे।

### विरार में १२ लाख की सिगरेट चोरी

**विरार:** अर्नाला पुलिस स्टेशन क्षेत्र के वटार इलाके में अज्ञात चोरों ने एक सिगरेट गोदाम का ताला तोड़कर वहां से १२ लाख रुपये की सिगरेट चोरी कर ली। सीनियर पीआई अप्पा साहेब लेंगरे ने बताया कि विराट नगर निवासी भावेश कनुभाई शाह (३१) का सिगरेट का व्यवसाय है। शाह का आगासी स्थित वटारगांव में गोदाम है। चोरों ने गोदाम के पीछे से पतरा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और १२ लाख ५ हजार रुपये की सिगरेट के बॉक्स लेकर फरार हो गए।

### अवैध निर्माण की शिकायत पर बुजुर्ग दंपति को पीटा

**विरार:** अर्नाला पुलिस स्टेशन क्षेत्र के वटार इलाके में एक बुजुर्ग दंपति को अवैध निर्माण की शिकायत करना महंगा पड़ गया। अवैध निर्माणकर्ता ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। मार्शल अंतोन लोबो (७१) अपने परिवार के साथ रहता है। उनके बगल में मैथ्यू उर्फ दिवा मनवेल ने वसई-विरार मनपा की बिना अनुमति के अवैध निर्माण शुरू किया था, जिससे लोबो परिवार को काफी दिक्कत होती थी। लोबो परिवार ने अवैध निर्माण की शिकायत वसई-विरार मनपा से की। जब मैथ्यू को पता चला, तो उसने डंडे से दोनों की जमकर पिटाई कर दी।

### हत्या के आरोप में दोषी बाप को उम्रकैद की सजा

**पालघर:** तलासरी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के कुर्झे स्थित गावितपाडा इलाके में २०१५ में बेटे की निर्मम हत्या के आरोप में दोषी बाप को दहाणू कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार, सुरेश लक्ष्मण धोड़ी (४२) पत्नी व बेटे नितिन के साथ रहता था। २०१५ में उसने पत्नी के चरित्र शंका को लेकर उस पर कुल्हाड़ी से कई वार कर दिए। इस दौरान बीच-बचाव में आए बेटे नितिन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले बुरी तरह से घायल नितिन की मौत हो गई थी, जबकि पत्नी बुरी तरह जख्मी हो गई थी।


# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती का आयोजन

**संवाददाता**

**मालाड :** भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती का उत्साह से



आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता बाबा साहेब की प्रतिमा को पुष्पमाला पहनाकर उन्हें विनम्र अभिवादन करेंगे। बाबा साहेब ने संविधान बनाकर सभी जाति, धर्म, महलाओं को स्वतंत्रता, समता, न्याय, बंधुत्व, आरक्षण देकर सभी को प्रगति करने का अवसर दिलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रिपबिलकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए), वार्ड अध्यक्ष रवि सरवदे, वार्ड अध्यक्ष नागेश जानराव, सिद्धार्थ विकास मंडल, धनेश कांबळे, संजय, गौतम गायकवाड, भिम गर्जना सामाजिक संस्था अध्यक्ष राजू पालके, सुरेश पवार, दिपक सरवदे, बावीस्कर, गीत गुंज ऑर्केस्ट्रा, प्भा संगीत अकादमी, दिपक पांचळ, प्रभाकर मेस्त्री, संकेत, मानसी, संगिता भोसले, भक्ती, वैष्णवी, शृती, श्रेया, पूजा यादव, स्मिता बोरसे, शर्मिला धोत्रे, राजू पायलट, स्पिकवेल इंग्लिश अकादमी, अरशद सर तथा सभी कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया। यह जानकारी आंबेडकर अनुयायी प्रभाकर पांचाळ ने दी है। दलित समाज पार्टी, महेंद्र मौर्या ने विशेष सहयोग दिया।



# शुरू हो गई टिकट दलालों पर रेलवे की 'सर्जिकल स्ट्राइक'

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई :** छुट्टियों का सीजन शुरू होने जा रहा है, जब रेलवे टिकट की डिमांड भी बढ़ जाती है। जहां डिमांड ज्यादा है, स्वाभाविक है कि वहां दलाल भी होंगे। रेलवे की चेतावनियों के बावजूद जिन्होंने अवैध दलालों से टिकट बुक कराए हैं, उन्हें सावधान रहना होगा। ऐसी टिकटों पर पर आरपीएफ की 'सर्जिकल स्ट्राइक' शुरू हो चुकी है। पश्चिम रेलवे आरपीएफ की विशेष टीम ने बुधवार को डहाणू रोड में एक ऐसी ही रेड की है। इसमें करीब ३ लाख रुपये की कीमत के १४३ ई-टिकट सीज किए गए हैं। ये टिकट इसलिए सीज हुए हैं, क्योंकि इन्हें मनोज यादव और ज्ञानेंद्र यादव नाम के शख्स ने अवैध तरीके से बुक कराया था। पश्चिम रेलवे के एएससी नरेंद्र वशिष्ठ के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच के पुष्पेंद्र सिंह और उनके साथियों ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। इसमें डहाणू रोड आरपीएफ की टीम भी शामिल थी। आरपीएफ की टीम ने रघुबीर स्कूल के पास स्थित यादव नगर में छापामारी की, यहां से टिकट दलाली का काला कारोबार हो रहा था। छुट्टियों की सीजन में मुंबई से उत्तर भारत विशेषकर गोरखपुर, जौनपुर, इलाहाबाद और बिहार जाने वाली ट्रेनों में टिकटों की बहुत ज्यादा डिमांड होती हैं। बुधवार को हुई रेड में भी अधिकतर टिकटें इन्हीं रूट की थीं। आरपीएफ अधिकारी वशिष्ठ ने बताया कि इन दलालों ने फर्जी तरीके से अकाउंट बनाकर टिकटों की बुकिंग की थी। पैसे के ट्रांजेक्शन में गड़बड़ियां मिलने और मोबाइल नंबरों की ड्यूप्लिकेसी दिखने के बाद शक हुआ। शक होने के बाद इन दलालों से टिकट बुकिंग कराई गई, तो वे ट्रैप में फंस गए। इसके बाद छापामारी में सारी बातें सामने आ गई। टिकटों को सीज किए जाने का मतलब है कि यात्री इन्हें रद्द नहीं करा सकता है। इस सूरत में पैसा नहीं मिलेगा और यात्रा से भी वंचित होना पड़ेगा। अधिकारी ने बताया कि आजकल दलाल रेड के डर से अपने नेटवर्क में ही काम करते हैं। आमतौर पर वाट्सऐप ग्रुप बनाकर बिजनेस होता है। बुकिंग के दौरान सॉफ्टवेयर्स का इस्तेमाल भी होता है। इस मामले में पुलिस दलालों पर क्रिमिनल केस (जालसाजी) कराने पर भी विचार कर सकती है। ए.के.सिंह, आईजी (पश्चिम रेलवे) ने कहा, 'छुट्टियों की सीजन में लोग अवैध दलालों से टिकट बुक कराने की भूल कर बैठते हैं। इन दलालों पर नकेल कसने के लिए आईपीसी की धारा के तहत भी मामला दर्ज कराने पर विचार किया जा रहा है।'

# कांग्रेस-एनसीपी महागठबंधन और बीजेपी-शिवसेना के महायुति के चक्कर में कई सारे छोटे राजनीतिक दलों के चक्कर में निपट गए छोटे दल

**मंजु तिवारी**

**मुंबई :** कांग्रेस-एनसीपी महागठबंधन और बीजेपी-शिवसेना के महायुति के चक्कर में कई सारे छोटे राजनीतिक दल इस लोकसभा चुनाव में निपट गए। अब उनके वजूद पर खतरा मंडराने लगा है। शेतकरी कामगार पक्ष (शेकाप), आरपीआई के अनेक घटक दल, रासप जैसे अन्य छोटे दल इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनके नेता महज प्रचारक बनकर रह गए हैं। सिर्फ स्वाभिमानी शेतकारी संगठन दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वसई-विरार की बहुजन विकास आघाडी को महागठबंधन एक सीट पर लड़ रही है। महागठबंधन और महायुति से परहेज करने वाले एसपी-बीएसपी अपने दम पर चुनावी जंग में उतरे हैं। प्रकाश आंबेडकर की वंचित आघाडी ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारकर राज्य की राजनीति में मौजूदगी दर्ज कराई है। कांग्रेस-एनसीपी ने महागठबंधन में शामिल शेतकरी कामगार पक्ष यानी शेकाप १९५२ से लोकसभा चुनाव लड़ती रही है, लेकिन पहली बार शेकाप एक भी लोकसभा सीट पर चुनाव नहीं लड़ रही है। गौर करने की बात है कि शेकापा के महाराष्ट्र विधानसभा में चार विधायक और विधान परिषद में एक सदस्य हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में शेकाप ने रायगड लोकसभा चुनाव क्षेत्र से रमेश कदम को लड़ाया था। कदम को १,२९,७३० वोट मिले थे। सोलापुर जिले से शेकापा के वरिष्ठ नेता गणपतराव देशमुख १९६२ से लगातार विधायक हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में सबसे बुजुर्ग और सबसे लंबे समय तक विधायक रहने का रिकॉर्ड भी शेकाप के गणपतराव देखमुख के नाम पर ही है। ऐसे ही शेकाप की रायगड जिला परिषद के साथ-साथ पेण, पनवेल, अलीबाग, सांगोला पंचायत समिति में सत्ता है। रायगड सहित पांच जिला परिषद (नांदेड, सोलापुर, नाशिक, परभणी, नागपुर) में उनकी पार्टी के लोग जीतकर आए हैं। अलीबाग, काटोल, बिलोली सहित अन्य नगरपरिषद में शेकाप का वर्चस्व है। खोपोली, पनवेल में पार्टी के नगरसेवक है। इसके बाद भी महागठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस-राकांपा ने शेकाप को एक भी लोकसभा सीट देने काबिल भी नहीं समझा। बीजेपी-शिवसेना महायुति ने मोदी की वापसी का वास्ता देकर अपनी सहयोगी आरपीआई के रामदास आठवले, रासपा के महादेव जानकर जैसे अन्य गठबंधन दलों को लोकसभा चुनाव से दूर कर दिया। कांग्रेस-एनसीपी के गठबंधन में जब आठवले थे तब, और उसके बाद बीजेपी-शिवसेना युति में थे, तब भी उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव लड़ती थी। इस बार आठवले को महायुति ने घर बैठा दिया है। धनगर समाज के नेता होने का दम भरने वाले राष्ट्रीय समाज पार्टी (रासपा) के अध्यक्ष और फडणवीस सरकार में मंत्री महादेव जानकर ने २००९ में बीजेपी का साथ पकड़ा। २०१४ के लोकसभा चुनाव में रासपा के अध्यक्ष जानकर ने शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ा। इस चुनाव में वह छह सीट मांग रहे थे, लेकिन भाजपा-शिवसेना ने एक सीट के काबिल भी नहीं समझा।




कांग्रेस-एनसीपी महागठबंधन की नाक दबाने वाले कुछ छोटे दल फायदे में रहे। वसई-विरार तक सीमित हितेंद्र ठाकुर की बहुजन विकास आघाडी को महागठबंधन ने पालघर लोकसभा सीट दी। ठाकुर ने अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद बलिराम जाधव को फिर से उम्मीदवारी दी है। पिछले चुनाव में ठाकुर की पार्टी का एक भी सांसद नहीं था, फिर भी उन्होंने महागठबंधन में कांग्रेस-राकांपा से एक सीट ली। पश्चिम महाराष्ट्र के किसानों में लोकप्रिय राजू शेट्टी के स्वाभिमानी शेतकारी संगठन को महागठबंधन ने दो सीटें दी हैं।

## श्रीराम नवमी का भक्ती भाव से आयोजन

**संवाददाता**

**मुंबई ।** हिन्दुओं के आराध्य देवता प्रभू श्रीरामचंद्र जी की जयंती का धूमधाम से आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पूजा, आरती, भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्र प्रदर्शनी, जुलूस रैली, भंडारा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, धर्म प्रसासक डॉ. रामदाल ढोंढीयाल, महामंत्री अरविंद दुबे, परशुराम दुबे, शिवसेना शाखा प्रमुख रामचंद्र पवार, विश्वकर्मा में स्त्री समाज संघ, मालाड वृत्तपत्र विक्रेता संघ, संकेत पांचाळ, प्रभाकर विश्वकर्मा, पूजा यादव, स्मिता बोरसे नाशिक अकादमी, डॉ. माधुरी आयरे, गीत गुंजन ऑर्केस्ट्रा प्रभा संगीत अकादमी, दिपक पांचाळ, सुनंदा दिपाली रजनी लांजेकर, दिपीका बिडू, जान्हवी, उष शिंदे, सुषमा तथ सभी कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया। यह जानकारी संपर्क प्रमुख प्रभाकर पांचाळ ने दी है। मातृशक्ती महिला संघटना, आई शक्ती महिला मंडल, लतिका शिर्के, सुनिता पांचाळ, प्रभाकवती, मनिषा ने विशेष सहयोग दिया।



## गुढी पाडवा का धूमधाम से आयोजन

**संवाददाता**

**मुंबई ।** हिन्दुओं के नववर्ष दिन गुढी पाडवा का उत्साह से आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सभी हिन्दुओं ने घर के ऊपर विजयी पताका, गुढी बनाकर हिंदू नववर्ष स्वागत यात्रा, निकाल कर चित्र प्रदर्शननी, कला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेझिम, गीत, साक्षरता प्रचार, बेटी बचाओ अभियान, मतदाता जागरूकता आदि कार्यक्रम का आयोजन किया है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, विश्वकर्मा पांचाळ समाज संघ, पांडव बिट्स ग्रुप मंडळ, संजय पांचाळ मेस्त्री, प्रभाकर सुतार, प्रमोद, सुधीर तावडे, पूजा यादव, स्मिता बोरसे, वी.टी. टेलर, कांतीभाई पाटोडिया, माझे व्यासपीठ संपादक राजेश शिर्के, मालाड वृत्तपत्र विक्रेता संघ, उमेश गांधी, संतोष, भारतीय कामगार प्रगती एकता, जीव पर्यावरण सामाजिक संस्था, जितेंद्र सुतार, शिवसेना शाखा प्रमुख रामचंद्र पवार, समृद्ध शिर्के, दत्तात्रय शिरोडकर, कुवेगांव लांजा तालुका विकास मंडल, अनंत मेस्त्री तथा सभी कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया। यह जानकारी प्रचार प्रमुख प्रभाकर पांचाळ ने दी है।







श्री राम कृष्ण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित निःशुल्क फुल बॉडी चेकअप कैम्प का आयोजन प्रशांत नगर दिवा पूर्व, में तारीख रविवार ७ अप्रैल २०१९.को किया गया। जिसमें डायबिटिस एवं अथराईटीस का चेकअप (BIO METRIC TEST) के द्वारा किया गया। FOR DIAGNOSING - मधुमेह (DIABETES). संधिवात (ARTHRITIS). की जाँच किया गया। जिसमें ४५० लोगो ने अपना निःशुल्क टेस्ट कराया और दवाईयों भी संस्थान द्वारा भारी छूट में दी गई। सभी लोगो को जाँच की हुई दोनों रिपोर्ट भी उन सबको साथ में निःशुल्क प्रदान की गई। सभी लोगो की जाँच में ८०% लोगो को ज्वाइंटपेन एवं डायबिटीज की रिपोर्ट मिली। सभी लोगो ने इसका भरपूर लाभ उठाया। शाम होते ही संस्थान को रजिस्ट्रेशन फार्म भरने के लिए मना करना पड़ा, क्योकि समय कम था और लोगो की संख्या ज्यादा थी। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण उपाध्याय ने सभी लोगो को बताया की हम दुबारा कैम्प करेगे और सभी लोगो को इसका लाभ अवश्य मिलेगा। सभी लोगो ने अपने सुझाव भी दिये एवं अपना आशिर्वाद और दुआएं भी हमारी पूरी टीम को दी है। हमारी संस्थान ऐसे ही सामाजिक एवं धार्मिक कार्य करती रहेगी, सभी लोगो ने कहा कि संस्थान पूरे विश्व मे अपनी सेवा प्रदान करती रहे ऐसा आशिर्वाद सभी लोगो ने दिया है। इस निःशुल्क कैम्प के आयोजक श्री गणेश पद्माकर भगत, एवं संयोजक श्री प्रवीण रा. उपाध्याय और दिव्या लाईफ न्यूट्रीशन्स प्रा.लि. की पूरी टीम डॉ.श्री दिलीप यादव, श्री अश्विन शाह एवं हितेश जोशी ने भी पूरा सहयोग किया। हमारे संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रवीण रा. उपाध्याय ने बताया कि ऐसा ही निःशुल्क कैम्प पूरे भारतवर्ष में करते रहेगे और सभी लोगो की सेवा करते रहेगे। सभी लोगो ने अपना प्यार दुलार एवं आशिर्वाद संस्थान को देकर हमारा मनोबल और बढ़ाया है।

# पूनम और प्रिया दोनों से मतदाता खफा

**कर्ण हिंदुस्तानी**

**मुंबई :** उत्तर-मध्य मुंबई लोकसभा चुनाव क्षेत्र के मतदाता दो ऐसे उम्मीदवारों से परेशान है जो चुनाव जीतने और हारने के बाद मतदाताओं से गायब हो जाते हैं। पहले प्रिया दत्त थी जो चुनाव जीतने के बाद भी दिखाई नहीं देती थी और हार के बाद तो लापता ही हो गई। दूसरी भाजपा की पूनम महाजन हैं जो जीतने के बाद मतदाताओं से दूर हो गई। प्रिया और पूनम दोनों उम्मीदवारों को लेकर मतदाता बड़े ही पशोपेश में हैं।

### शिवसैनिकों की नाराजगी भारी पड़ सकती है

उत्तर मध्य मुंबई लोकसभा चुनाव क्षेत्र से भाजपा की सांसद पूनम महाजन पर शिवसैनिकों की नाराजगी कहीं अमावस का चांद न दिखा दे। निचले स्तर पर शिवसैनिकों को मनाने में जुटी पूनम अब तक नाकाम रही है। हालांकि, पूनम के करीबी दावा करते हैं कि मातोश्री पर माथा टेकने के बाद सभी गिले शिकवे खत्म हो गए हैं, लेकिन धरातल पर ऐसा नहीं है। नाराज शिवसैनिक मनसे की हवा में बह गए तो प्रिया दत्त की लॉटरी निकलने से नहीं रोका जा सकता। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पूनम ने शानदार कार्यालय तो बनाया जरूर, लेकिन अपने मतदाताओं की पहुंच से दूर हो गई। उन शिवसैनिकों से भी जिसने पिछले चुनाव को पूनम को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विधानसभा और नगरसेवकों के चुनाव में पूनम के बयानों से आग में घी का काम किया जिससे पूनम और शिवसैनिकों के बीच दूरी और बढ़ गई। वह दूरी खत्म करने की पहल करते हुए पूनम ने मातोश्री में शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और युवा नेता आदित्य ठाकरे से मुलाकात की थी, लेकिन वह दूरी जस की तस कायम है। कुर्ला, चांदिवली, कालीना, बांद्रा पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में शिवसैनिकों नाराजगी कायम है।





चुनाव हारने के बाद सुनील दत्त की बेटी प्रिया दत्त पूरी तरह से गायब हो गई थीं। वह चर्चा में चुनाव से ऐन पहले तब आई जब उन्होंने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का पत्र हाईकमान को लिखा। ये दोनों ही मसले प्रिया के परेशानी का कारण बन गया है। अब प्रिया सोसायटियों में जाकर लोगों से मिल रही हैं। गत दिनों वह कालीना व कुर्ला विधानसभा चुनाव क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने के लिए आई थीं। जैसे ही वह निकली वैसे ही लोग चर्चा करने लगे कि ५ साल तो गायब थी, अब क्या करने आई हैं? लोग चर्चा कर रहे थे कि बेहतर होता कि दूसरे किसी को उम्मीदवारी मिलती।









मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com